आज का दिन
लोकनायक जेपी की जयंती
आज ही 1902 में महान स्वतंत्रता सेनानी व संपूर्ण क्रांति के अग्रदूत जयप्रकाश नारायण (जेपी) का जन्म सिताब दियारा में हुआ।

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अख़बार

दैनिक भास्कर

राजस्थान

dainikbhaskar.com | जयपुर, मंगलवार, 11 अक्टूबर, 2022 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष-2, 2079 | 12 राज्य | 61 संस्करण

सीरी ने विकसित की सर्वाइकल कैंसर जांच की स्वदेशी तकनीक

पिलानी (झुंझुनूं) | पिलानी स्थित सीरी (केन्द्रीय इलेक्ट्रोनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान) के वैज्ञानिकों ने सर्वाइकल कैंसर (बच्चेदानी के मुंह के कैंसर) की जांच के लिए स्वदेशी तकनीक विकसित की है। सीरी के वैज्ञानिक डॉ. सत्यम श्रीवास्तव एवं उनकी टीम ने सर्वाइकल कैंसर जांच में आईओटी सक्षम स्मार्टफोन आधारित हैंडहेल्ड कोल्पोस्कोप विकसित किया है। यह तकनीक त्वरित डेटा विजुअलाइजेशन और विश्लेषण के लिए स्मार्टफोन आधारित ऐप से कनेक्टिविटी देती है। सर्वाइकल कैंसर का समय से पूर्व पता लगाने के लिए यह तकनीक रोगी व डॉक्टर के बीच सीधे संपर्क के लिए क्लाउड कनेक्टिविटी भी देती है। ऑन-डिवाइस रिचार्जेबल बैटरी सपोर्ट होने से जहां बिजली की उपलब्धता कम हो वहां यह तकनीक काफी कारगर सिद्ध होगी। परीक्षण के उद्देश्य के लिए इसे विभिन्न अस्पतालों में लगाया गया जिसके परिणाम काफी उत्साहवर्धक रहे हैं। संस्थान निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया ने बताया कि इस तकनीक से लैस डिवाइस विदेशों से आयातित उपकरण से काफी किफायती होगा। इसमें कई नए फीचर्स भी जोड़े गए हैं। सीरी ने इस तकनीक की प्रौद्योगिकी नोएडा की एक कंपनी को हस्तांतरित की है। कंपनी के निदेशक राजीव शर्मा के अनुसार कंपनी अगले 3 से 6 महीनों में स्वदेशी कॉल्पोस्कोप देश के बाजार में उपलब्ध करा देगी।

सर्वाइकल कैंसर की देशी तकनीक का हस्तांतरण करते सीरी के वैज्ञानिक।

डिवाइस कोल्पोस्कोप